बोलेंगे हर हर बम | By Raj Sagar

ॐ नमः शिवाय .....

भोले की बरात में झूमेंगे साथ में
दूर होंगे सारे गम
बोलेंगे हर हर बम
बोलेंगे हर हर बम

सज संवर कर चली है बारात
दूल्हा बने हैं भोले बाबा जी आज
मन हर्षाये झूमे हैं गाये
ऐसी कहीं नहीं देखी बारात
जीवन सफल हो, अजा नहीं कल हो
दूर होंगे सारे गम
बोलेंगे हर हर बम
बोलेंगे हर हर बम

ऐसी वैसी होगी ना बारात
झूमेंगे भूत प्रेतों के साथ
बैंड बजेगा DJ लगेगा
दे दे नाचेंगे ताल में ताल
शुभ घड़ी आई बाजे शहनाई
दूर होंगे सारे गम
बोलेंगे हर हर बम
बोलेंगे हर हर बम

शीश में चंदा जटा में गंगा
भोला मेरा मस्त मलंगा
जटा बिखराये, भस्म रमाये
देखो कैसा रूप बनाये
राज के संग में, बोलो जयकारे
दुःख होंगे सारे कम
बोलेंगे हर हर बम
बोलेंगे हर हर बम

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%87%e0%a4%82%e0%a4%97%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a4%b0-%e0%a4%b9%e0%a4%b0-%e0%a4%ac%e0%a4%ae-by-raj-sagar/